दिन–शनिवार दिनांक– 18 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज बेगूसराय में छह सौ करोड़ रूपये की लागत वाली विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

02. वक्फ संशोधन कानून पर बनी संयुक्त संसदीय समिति आज पटना में। राज्य सरकार के प्रतिनिधियों के साथ–साथ विभिन्न पक्षों की जानेगी राय।

03. संसद का बजट सत्र इकतीस जनवरी से शुरू होगा। एक फरवरी को पेश होगा केंद्रीय बजट।

04. और, मौसम विभाग ने आज से राजधानी पटना सहित प्रदेश के कुछ हिस्सों में शीत दिवस की चेतावनी जारी की।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज अपनी प्रगति यात्रा के क्रम में बेगूसराय जिले में छह सौ करोड़ रूपये की लागत वाली विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। ब्यौरा हमारे संवाददाता से––

———रिपोर्ट———

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज जिले को कई विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। मनियप्पा गांव में आयोजित कार्यक्रम में वे पंचायत सरकार भवन, खेल मैदान, जल मीनार, तालाब और नवनिर्मित सीढी घाट का उद्घाटन करेंगे। साथ ही वे विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण करेंगे। श्री कुमार का जीविका दीदियों के साथ संवाद का भी कार्यक्रम है। मुख्यमंत्री लखमिनिया बांध का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद वे कांवर झील का हवाई सर्वे भी करेंगे। बाद में श्री कुमार बेगूसराय प्रखंड सह–अंचल कार्यालय समेत विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री समाहरणालय स्थित करगिल भवन में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में भी भाग लेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए बेगूसराय से विजय कुमार झा।

———————————————————

वक्फ संशोधन कानून पर बनी संयुक्त संसदीय समिति आज पटना आ रही है। सांसद जगदम्बिका पाल की अध्यक्षता वाली कमिटी राज्य सरकार के प्रतिनिधियों के साथ ही विभिन्न मुस्लिम संगठनों और हिंदू संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी राय जानेगी।

———————————————————

संसद का बजट सत्र इकतीस जनवरी से शुरू होगा। सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन पहली फरवरी को केंद्रीय बजट पेश करेंगी। बजट सत्र का पहला चरण तेरह फरवरी तक चलेगा जबकि दूसरा चरण दस मार्च से चार अप्रैल तक होगा।

———————————————————————————

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आज एक दिन के दौरे पर पटना आ रहे हैं। श्री गांधी इस दौरान पटना के ज्ञान भवन में आयोजित संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करेंगे। साथ ही वे पार्टी प्रदेश मुख्यालय, सदाकत आश्रम में आयोजित कार्यकर्ता न्यास सम्मेलन में कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे।

———————————————————————————

राष्ट्रीय जनता दल की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आज पटना में हो रही है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद की अध्यक्षता में हो रही इस बैठक में सांगठनिक चुनाव पर मुख्य रूप से चर्चा होगी। साथ ही बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर भी बैठक में विचार–विमर्श किया जाएगा।

———————————————————————————

भाकपा माले के बदलो बिहार समागम की आज मुंगेर प्रमंडल से शुरूआत होगी। पार्टी द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि कल पटना में मुख्य समागम आयोजित होगा। राज्य के सभी प्रमंडल मुख्यालयों में समागम का आयोजन किया जायेगा।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत इस वर्ष दूसरी बार लाभुकों का चयन किया गया है। उद्योग विभाग ने पटना में आयोजित कार्यक्रम में लॉटरी पद्धति से सात हजार एक सौ तिरेपन लाभुकों का चयन किया है। वहीं, एक हजार चार सौ इकतीस को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। चयनित आवेदकों की स्क्रूटनी के बाद लाभुकों की सूची उद्यमी पोर्टल पर जारी की जाएगी। इस योजना के तहत अधिकतम दस लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी जाती है। इसमें पचास प्रतिशत राशि अनुदान के रूप में होती है।

---

केंद्र सरकार ने लोगों को साइबर धोखाधड़ी और मोबाईल फोन को चोरी होने से बचाने के लिए संचार साथी मोबाईल एप लांच किया है। नई दिल्ली में संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि वर्ष, दो हजार चौबीस में शुरू हुए संचार साथी पोर्टल की सहायता से चोरी हुए पच्चीस लाख फोन में से अब तक पंद्रह लाख का पता लगाया जा चुका है। उन्होंने इस अवसर पर राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड मिशन टू प्वाइंट–ओ और इंट्रा सर्किल रोमिंग का भी शुभारंभ किया।

---

राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के चार अधिकारियों का स्थानांतरण किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार राज्य मानवाधिकार आयोग के सचिव राजेश कुमार को कोसी प्रमंडल का आयुक्त बनाया गया है। साथ ही, उन्हें पूर्णिया प्रमंडल का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। कला, संस्कृति और युवा विभाग के सचिव दया निधान पांडे को राजस्व पर्षद का अपर सदस्य बनाया गया है। वहीं, इसी विभाग की सचिव सीमा त्रिपाठी को मानवाधिकार आयोग का सचिव बनाया गया है। ग्रामीण कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह की छुट्टी अवधि के दौरान सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी. राजेंदर अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। गृह विभाग के सचिव प्रणव कुमार का तबादला करते हुए कला, संस्कृति और युवा विभाग के सचिव की जिम्मेदारी दी गयी है। हालांकि, वे अगले आदेश तक गृह विभाग के सचिव और कारा महानिरीक्षक के अतिरिक्त प्रभार में भी बने रहेंगे।

---

भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों से नये और सभी मौजूदा उपभोक्ताओं के जमा खातों और लॉकरों में नामांकन सुनिश्चित करने को कहा है। रिजर्व बैंक ने कहा कि बड़ी संख्या में खातों में नामांकन नहीं किये गये हैं। इस सुविधा का उद्देश्य जमाकर्ता का निधन होने पर परिवार के सदस्यों के दावों का जल्द निपटान करने और उनकी कठिनाईयां कम करना है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ अठारहवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और

दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इसके अलावा मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

———————————————————————

मौसम विभाग ने आज से राजधानी पटना सहित प्रदेश के उत्तर–पश्चिम, दक्षिण–पश्चिम, उत्तर–मध्य और दक्षिण–मध्य हिस्सों में कुछ स्थानों पर शीतदिवस की चेतावनी जारी की है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि इस दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट की संभावना है।

———बाईट———

पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास का डेहरी प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा, यहां का न्यूनतम तापमान आठ दशमलव छह डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इधर, घने कोहरे के चलते राज्य में सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। विक्रमशिला एक्सप्रेस, ब्रह्मपुत्र मेल और श्रमजीवी एक्सप्रेस सहित लंबी दूरी की कई रेलगाड़ियां अपने निर्धारित समय से देरी से गंतव्य तक पहुंची। पटना हवाई अड्डे पर सात विमानों का परिचालन विलंब से हुआ। वहीं, दरभंगा हवाई अड्डे पर कल बारह उड़ानों को रद्द कर दिया गया।

———————————————————————

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मुजफ्फरपुर जिले के सरैया प्रखंड के रतनपुरा निवासी अमरेश कुमार को कल नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सिविल डिफेंस श्रेणी में रक्षा पदक से सम्मानित किया। अमरेश कुमार सिविल डिफेंस के पहले सैन्य अधिकारी बन गये हैं, जिन्हें यह सम्मान मिला है। वे वर्तमान में पश्चिम नौ सेना मुख्यालय, मुंबई में प्रशासनिक अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं।

———————————————————————

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि राज्य के तेरह जिलों में जल्द ही नवजात शिशु देखभाल इकाई, एसएनसीयू की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि

बिहार देश का पहला राज्य होगा, जहां सभी जिलों में एसएनसीयू की सुविधा उपलब्ध होगी। राज्य स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक में श्री पांडेय ने मार्च महीने तक राज्य के सभी प्रखंडों में एक्स–रे मशीन की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

———————————————————————————

राज्य के तीन जिलों जमुई, पूर्णिया और पूर्वी चंपारण में तारामंडल की स्थापना होगी। इसके लिए जमीन चिह्नित कर ली गई है। विज्ञान प्रौद्योगिकी और तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार सिंह ने बताया कि इस संबंध में केंद्रीय सांस्कृतिक मंत्रालय को पत्र भेज दिया गया है। जल्द ही मंत्रालय की टीम चिह्नित जमीन का निरीक्षण करने आयेगी। केंद्रीय टीम द्वारा इस संबंध में रिपोर्ट देने के बाद आगे की कार्रवाई शुरू होगी।

———————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने सत्तरवीं संयुक्त एकीकृत प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा की अंतिम उत्तर कुंजी जारी कर दी है। अभ्यर्थियों द्वारा की गयी आपत्ति के बाद तेरह दिसम्बर और चार जनवरी को हुयी परीक्षा के प्रश्न पत्र से तीन–तीन प्रश्न हटा दिये गये हैं।

———————————————————————————

विशेष निगरानी इकाई ने वैशाली के सहायक उद्यान निदेशक शशांक कुमार को सात हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अधिकारी जिले के प्रखंड उद्यान पदाधिकारी से दिसम्बर महीने का वेतन जारी करने के लिए रिश्वत ले रहा था।

———————————————————————————

कटिहार जिले के बारसोई थाना क्षेत्र के इमादपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास हथियारबंद अपराधियों ने एक सीएसपी संचालक से सात लाख रुपए लूट लिए। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

———————————————————————————

सुपौल जिले के पिपरा थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक पेट्रोल पम्प मैनेजर की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना से आक्रोशित लोगों ने एनएच– एक सौ सात को जाम कर प्रदर्शन किया।

————————————————————————————

पटना के अगमकुंआ थाना क्षेत्र के भूतनाथ रोड स्थित एक निजी अस्पताल में ऑक्सीजन सिलेंडर उतारने के दौरान हुए विस्फोट में एक मजदूर की मौत हो गयी।

————————————————————————————

बांका जिले के भलजोर चेक पोस्ट पर झारखंड से शराब लेकर आ रहे एक पिकअप वैन ने तीन पुलिसकर्मियों को टक्कर मारकर घायल कर दिया। बाद में पुलिस ने पिकअप वैन का पीछा कर उसे जब्त कर लिया। मौके से एक तस्कर की गिरफ्तारी हुई है।

————————————————————————————

सीतामढ़ी जिले के बेलसंड थाना क्षेत्र अंतर्गत दयानगर गांव स्थित राम जानकी मंदिर से चोरों ने माता जानकी की अष्ट धातु की प्राचीन मूर्ति चुरा ली। चोरी गई मूर्ति का बाजार मूल्य लगभग एक करोड़ रूपये बताया जाता है।

————————————————————————————

अररिया जिले के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चातर गांव में आग लगने से कई घर जलकर नष्ट हो गए।

————————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है – राज्य में पंद्रह लाख से अधिक बिजली उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की तैयारी, पांच हजार से अधिक बकाया है तो कटेगी बिजली।

दैनिक जागरण ने लिखा है – मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन दोगुनी से अधिक बढ़ने की तैयारी। नए वित्तीय वर्ष में इसके लिए प्रावधान करने की है संभावना।

दैनिक भास्कर ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है – बेतिया राज का एक बक्सा अस्सी साल बाद खुला, इसमें कीमती गहने, पांच और खुलेंगे।

प्रभात खबर की सुर्खी है – नीट पीजी में सेटिंग का बड़ा रैकेट, साठ से ज्यादा डॉक्टर जांच के घेरे में।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं – रूस की सेना में सेवा दे रहे सोलह भारतीय लापता।

आज अखबार समेत सभी समाचार पत्रों ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों से जुड़ी खबर को सचित्र प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज बेगूसराय में छह सौ करोड़ रूपये की लागत वाली विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

02. वक्फ संशोधन कानून पर बनी संयुक्त संसदीय समिति आज पटना में। राज्य सरकार के प्रतिनिधियों के साथ–साथ विभिन्न पक्षों की जानेगी राय।

03. संसद का बजट सत्र इकतीस जनवरी से शुरू होगा। एक फरवरी को पेश होगा केंद्रीय बजट।

04. और, मौसम विभाग ने आज से राजधानी पटना सहित प्रदेश के कुछ हिस्सों में शीतदिवस की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।